सिरली और चौरी के बीच रेल फाटक

863. श्री उत्तम राठौड : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या महाराष्ट्र सरकार ने दक्षिण-मध्य रेलवे के अंतर्गत पुर्ना-खंडवा रेल लाइन पर सिरली और चौरी के बीच रेल फाटक के लिए रेल विभाग द्वारा मांगी गई धन राशि का भुगतान कर दिया है और यह भुगतान किस तारीख को किया गया,

(ख) क्या इस पर कार्य शुरू हो गया है, और

(ग) यदि हां, तो अब तक कितनी प्रगति हुई है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) जी हां । 15-4-82 को ?

(ख) जी हां।

(ग) समपार पर रेलवे के हिस्से का काम पूरा हो गया है । राज्य सरकार के प्राधिकरण पहुंच मार्गों के कार्य के पूरा कर रहे हैं ।

मुदखेड़-आदिलाबाद सेक्शन को बड़ी लाइन में बदलना

864. श्री उत्तम राठौड : क्या रेल मंत्री मनमाड आदिलबाद सैक्शन को बड़ी लाइन में बदलने के बारे में 24 दिसम्बर 1981 के अतारांकित प्रश्न संख्या 5487 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एक प्रश्न के उत्तर में रेल उप-मंत्री ने मुदखेड़ आदिलाबाद रेलवे लाइन को बड़ी लाइन में बदलने और 1983-84 के बजट में आदिलाबाद से चनका तक नई बड़ी लाइन बिछाने का संर्वेक्षण करने का आश्वासन दिया था ;

(ख) क्या इस आश्वासन के बावजूद इस प्रस्ताव को अभी तक कार्यान्वित नहीं किया गया है, और

(ग) इस मामले में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) से (ग) 24 दिसम्बर, 1981 के अतारांकित प्रश्न संख्या 5487 के उत्तर में रेल उप मंत्री द्वारा कोई आश्वासन नहीं दिया गया था । उन्होंने केवल यह बताया था कि प्रस्ताव विचाराधीन है । बहरहाल, अक्तूबर 1983 में परभनी-आदिलाबाद मी. ला खंड को ब. ला. में बदलने के लिए इंजिनियर-एव यातायात सवेक्षण के पुनर्मुल्कांन के लिए एक प्रस्ताव तथा आदिलाबाद से पिम्पलकोटी तक एक नयी बड़ी लाइन बिछने के लिए एक नये इंजिनियरी-एव-यातायात सवेक्षण का अनमोदन किया गया है ।

Derecognition of Indian University degrees by Government of Nigeria

865. SHRI B. D. SINGH: Will the Minister of EDUCATION AND CULTURE be pleased to state:

(a) whether Government of Nigeria have derecognised several Indian University degrees;

(b) if so, details thereof stating the reasons for derecognition of the Indian University degrees by the Nigerian Government; and

(c) reaction of the Government with regard thereto?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRIES OF EDUCATION AND CULTURE AND SOCIAL WELFARE (SHRI P. K. THUNGON): (a) to (c) According to the information received from Indian High Commission in Lagos, the Nigerian Federal